



# सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 234 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023




मेरा सबसे अच्छा दोस्त वो है जो मेरा सर्वश्रेष्ठ बाहर लाता है।
-हेनरी फोर्ड


मूल्य ₹ 3/-



सूर्या व कुलदीप ने दिया दक्षिण अफ्रीका... 7 | संसद की सुरक्षा में चूक या... 3 | भाजपा सरकार से युवा हताश और... 2


# संसद में सुरक्षा की चूक पर सदन के अंदर से लेकर बाहर तक घमासान

## मोदी सरकार पर चौतरफा वार

- » विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर जोरदार हंगामा
- » शुरू होते ही स्थगित हुई संसद की कार्यवाही
- » संसद में घुसपैठ पर विपक्ष का प्रदर्शन
- » निलंबित 14 सांसदों से मिलीं सोनिया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर शीतकालीन सत्र के दसवें दिन खूब हंगामा हुआ । सदन के अंदर से लेकर बाहर तक मोदी सरकार पर चौतरफा वार जारी रहा। वहीं सदन में विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा भी गर्माता रहा। बवाल ज्यादा होते देख आज भी दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी सांसदों को गलत तरीके से निलंबित किया गया है। इससे पहले आज सत्र की शुरुआत से पहले निलंबित सांसदों सहित विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया।



### घुसने वाले अगर मुसलमान होते तो बीजेपी तूफान मचा देती : ललन



जदयू सांसद ललन सिंह ने कहा अगर संसद में घुसने वाले अगर मुसलमान होते तो ये लोग (बीजेपी) देश-दुनिया में तूफान मचा दिए होते। उसी के नाम ये लोग देश में उन्माद मचा दिए होते। अगर कांग्रेस के सांसद की अनुशंसा पर आए विजिटर्स ने ऐसा किया तो देखते कि इनका रवैया क्या होता। कनीमोझि ने भाजपा बार-बार कह रही है कि केवल वे ही हैं, जो देश की रक्षा कर सकते हैं, लेकिन वे संसद की भी रक्षा नहीं कर पा रहे। प्रधानमंत्री वहां अंदर हो सकते थे। संसद में वे अपने ही प्रधानमंत्री की रक्षा नहीं कर सके और फिर कह रहे हैं कि हम इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। जो कुछ भी हुआ, उसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मनिकम टैगोर ( ने कहा कि भारत गठबंधन के सभी सांसद एकजुट हैं और कल हम सभी को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित कर दिया गया। हम गांधी प्रतिमा के सामने मौन प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध जारी रखेंगे।

### सवाल पूछना हमारा फर्ज है : अधीर



वहीं इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि सवाल पूछना हमारा फर्ज़ है। सरकार आम लोगों को भटकाने में जुटी हुई है। अगर चर्चा होती तो आसमान तो नहीं टूट पड़ता। उन्होंने सवाल किया कि खुफिया विभाग किसके पास है? उन्होंने कहा कि खुफिया तंत्र गृह मंत्रालय के पास होता है। हम सिर्फ जानकारी लेना चाहते थे। जिन लोगों की ये जिम्मेदारी है हम उनसे तो पूछेंगे ही की क्या हुआ?

### गृह मंत्री बयान नहीं देते, तब तक कार्यवाही का कोई मतलब नहीं : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा स्पीकर जगदीप धनखड़ को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा- जब तक गृह मंत्री इस मुद्दे पर बयान नहीं देते, तब तक सदन की कार्यवाही का कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद परिसर में मीडिया से बात की। उन्होंने पूछा, संसद और सांसदों की सुरक्षा पर जो भारी चूक हुई है उसपर विपक्ष के सांसदों को गैरकानूनी ढंग से सस्पेंड करना किस तरह का न्याय है? देश के गृहमंत्री, टीवी पर इंटरव्यू दे सकते हैं पर संसद के पटल पर बयान नहीं दे सकते। विपक्षी दलों की मांग है कि अमित शाह संसद में वक्तव्य दें और फिर दोनों सदनों में इस पर चर्चा हो।

### संसद परिसर व गेट पर विपक्ष का प्रदर्शन

उधर, विपक्षी पार्टियों ने 14 सांसदों के निलंबन को लेकर संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे 14 निलंबित सांसदों से सोनिया गांधी मिलने पहुंची थीं। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। जबकि सस्पेंड 14 सांसदों ने भी सदन के बाहर प्रोटेस्ट किया। संसद के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार (15 दिसंबर) को दसवां दिन है। 11 बजे लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई। दोनों सदनों में संसद की सुरक्षा में चूक पर हंगामा हुआ। इस मसले पर विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान देने की मांग की। हंगामे के चलते लोकसभा 11.02 बजे और राज्यसभा 11.09 मिनट पर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।

## भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के नए सीएम के रूप में ली शपथ

» दीया और बैरवा बने डिप्टी सीएम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। भाजना के दिग्गज नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उप-मुख्यमंत्री बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

भारतीय जनता पार्टी ने बीते मंगलवार को विधायक दल की बैठक में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री तो दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को डिप्टी सीएम चुन लिया था। आज यानी शुक्र वार को शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही इनकी औपचारिकता पूरी हो गई है और राज्य को नई सरकार मिल गई है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री बने भजनलाल शर्मा सांगानेर से विधायक हैं। वहीं डिप्टी सीएम बनाई गई दीया कुमारी विद्याधर नगर तो प्रेम चंद बैरवा दूदू से विधायक हैं।



## महुआ मोइत्रा की याचिका पर 3 जनवरी को सुनवाई करेगा शीर्ष अदालत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस पार्टी नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 3 जनवरी, 2024 को सुनवाई करेगा।दरअसल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई टाल दी कि उसने मामले की फाइलों का अध्ययन नहीं किया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा, मुझे सुबह फाइल मिली, मेरे पास इसे स्कैन करने का समय नहीं था। क्या हम इसे 3 या 4 जनवरी को रख सकते हैं? मैं इसे देखना चाहूंगा। साथ ही, मामले को 3 जनवरी को तक टाल दिया।

## सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से इंकार

» कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर को दिए फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि इससे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सर्वे करने की मंजूरी दे दी है।

हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने पक्षों को सुनने के बाद 16 नवंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को हुई सुनवाई के बाद सभी 18 केसों से संबंधित वादकारी और प्रतिवादियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था।



# भाजपा सरकार से युवा हताश और निराश : अखिलेश यादव

» बोले- संसद में घुसपैठ भविष्य के लिए खतरे की घंटी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। संसद में दो युवकों की घुसपैठ की घटना के बाद यूपी के राजनीतिक दलों व नेताओं ने बीजेपी व केंद्र सरकार को जमकर कोसा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने माइक्रो ब्लागिंग साइट 'एक्स' पर लिखा है कि लोकसभा में दो युवकों का विजिटर गैलरी से कूदना, संसद की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है। इसकी तत्काल जाँच की जाए।

भाजपा सांसद की सिफारिश पर बने प्रवेश पत्र पर उन्होंने कहा कि जिनकी वजह से ये अंदर प्रवेश कर सके, उन सबके खिलाफ़ दंडात्मक कार्रवाई हो। साथ ही कहा कि ये घटना देशभर के अलग-अलग जगहों और प्रदेशों से इकट्ठा युवा मन की हताशा का परिणाम है। ये घटना स्वयं में निंदनीय होते हुए इन अर्थों में चिंतनीय भी है कि यदि इसी प्रकार युवाओं को वर्तमान से निराशा और भविष्य से नाउम्मीदगी हुई तो ये देश के लिए अच्छा नहीं होगा। ये घटना व्यवस्था के दरवाजे पर चेतावनी की दस्तक है। उधर, समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने संसद कांड के बहाने भाजपा पर हमला बोलते हुए 'एक्स' पर लिखा कि ये कांड देश के विभिन्न अंचलो से आए पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों ने पेट की भूख व बेरोजगारी की पीड़ा का नतीजा है। मौर्या ने तंज कसा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत की जाने वाली उनकी भावनाओं को जब भी कुचलेंगे तो दर्द, पीड़ा व भावना व्यक्त करने का इससे बेहतर कोई और माध्यम हो ही नहीं सकता।





## घटना को राजनीति के चश्मे से न देखें : स्वामी प्रसाद मौर्य

स्वामी प्रसाद मौर्य के मुताबिक पीड़ा प्रकट करने के लिए संसद के अंदर और बाहर जो कुछ भी किया उसे केवल संसद की गरिमा व कानून के चश्मे से ही नहीं देखना चाहिए बल्कि उनकी बेरोजगारी व पेट की भूख की पीड़ा के दर्द से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए। आगे लिखा कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेने वाले देश के युवा यदि सड़क पर दर-दर ठोकरे खाएंगे, भूख से बिलबिलाएंगे, बेरोजगारी की पीड़ा झेलेंगे तो हम उनसे सदाचरण की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने ये भी लिखा कि हिन्दी जगत के महान साहित्यकार व लेखक, मुंशी प्रेमचंद जी ने भी कहा था कि 'जिस बंदे को पेट भर रोटी नहीं मिलती उसके लिए मर्यादा और इज्जत ढोंग है' यद्यपि कि कृत्य औचित्यपूर्ण नहीं है, फिर भी प्रकरण पर सहानुभूति व संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कमलनाथ का फेसबुक अकाउंट हैक

**भोपाल।** पूर्व सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का फेसबुक पेज हैक हो गया है। उनके अकाउंट पर एक घंटे में तीन वीडियो के लिंक शेयर किए गए है। इसको लेकर कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फेसबुक अकाउंट हैक किया गया है। हैकर्स इस पर असंगत सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। हम अकाउंट को रिकवर करने का प्रयास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फेसबुक अकाउंट हैक किया गया है। हैकर्स इस पर असंगत सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। हम अकाउंट को रिकवर करने का प्रयास कर रहे हैं।

### बेड नहीं तो स्ट्रेचर-एंबुलेंस में करें इलाज, वापस न भेजें मरीज : पाठक

**लखनऊ।** संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआइएमएस) के 40वें स्थापना दिवस पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को मरीजों के उपचार में कोताही न करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक भी मरीज बिना इलाज वापस नहीं जाना चाहिए। बेड नहीं खाली है, यह कहकर आप लोग मरीजों को वापस कर देते हैं, ऐसा न करें। बेड नहीं है तो स्ट्रेचर या एंबुलेंस में ही जा कर प्राथमिक उपचार दें। इसके बाद ही दूसरी जगह जाने की सलाह दें। लोग बहुत उम्मीद लेकर अपने परिवारीजन को लेकर यहां आते हैं। ब्रजेश पाठक ने नोडल व्यवस्था बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में तीन बड़े चिकित्सा संस्थानों के अलावा कई और सरकारी अस्पताल हैं। यहां बेड नहीं हैं तो आपसी सामाजस्य से किसी भी दूसरे अस्पताल में इलाज शुरू किया जा सकता है। यदि आप लोग दूर जाकर इलाज नहीं कर सकते हैं तो कम से कम से अस्पताल में आए हर मरीज को भगवान मान कर सेवा और इलाज करें।

### हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य की महिला के साथ अभद्र बर्ताव को लेकर गुस्से का इजहार किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने गोवा एयरपोर्ट पर महिला को नीचा दिखाने का आरोप लगाया और कहा, हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है। स्टालिन ने गोवा हवाई अड्डे पर एक तमिल महिला के अपमान की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिला ने एयरपोर्ट पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान से कहा था कि वह हिंदी नहीं जानती, तो उसका अपमान किया गया, नीचा दिखाने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम स्टालिन लिखा, सीआईएसएफ कर्मी गैर-हिंदी भाषी राज्यों के यात्रियों का हिंदी न जानने के कारण उत्पीड़न कर रहे हैं।

# नीतीश को वार्ड पार्षद जितने भी वोट नहीं मिलेंगे : सम्राट

» मुख्यमंत्री के बनारस जाने की बात पर भड़की भाजपा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बनारस दौरा रद्द हो गया है लेकिन इसपर सियासत अब भी गरमाई हुई है। भाजपा के नेता लगातार नीतीश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार मध्य प्रदेश भी गए थे चुनाव लड़ने के लिए लेकिन क्या हुआ? हमारे यहां जितने वोट वार्ड पार्षदों को मिलते हैं, उतने भी उन्हें नहीं मिले।

फिर अगर वह बनारस जाएंगे तो भी यही हाल होने वाला है। बनारस में भी वार्ड पार्षद जितने वोट नहीं मिलेंगे। भाजपा सांसद और भोजपुरी फिल्म के सुपर स्टार रवि किशन ने भी मुख्यमंत्री के बनारस आने की बात पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि काशी महादेव की नगरी है, वे जरूर आएं। हमने सुना है जहां कण-कण में शिव है वहां नीतीश कुमार आ रहे हैं। नीतीश कुमार को मैं क्षमा के साथ कहना चाहता हूं, क्योंकि वह बड़े नेता हैं वे, आव फरिया ल। रवि किशन ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री गरीबों के नेता हैं। वे कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने वाले नेता हैं।



# नीति के आधार पर मिलते हैं वोट : कोर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने जाति, धार्मिक, जातीय और भाषाई अर्थ वाले राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने के लिए दायर जनहित याचिका आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा लोग सिर्फ राजनीतिक दलों के नाम पर वोट नहीं करते बल्कि उनकी नीतियों को भी देखते हैं। कार्यवाहक प्रमुख मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की खंडपीठ ने कहा कि ये मुद्दे नीतिगत क्षेत्र में हैं और संसद ऐसे मामलों के लिए उचित मंच है।

पीठ ने जोर देकर कहा कि अदालत इसमें प्रवेश नहीं कर सकती और कानून नहीं बना सकती। पीठ ने याची से कहा आप केवल इन पार्टियों के नामों के बारे में बात कर रहे हैं। नाम निर्णायक नहीं है। आपको राजनीतिक दलों की नीतियों को देखना होगा। आपको यह देखना होगा कि वे कैसे काम कर रहे हैं। लेकिन इन सभी मुद्दों पर ध्यान देना होगा संसद। यह उनका क्षेत्र है। वे कानून बनाते हैं। उपाध्याय ने वर्ष 2019 में दिल्ली उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर धार्मिक, जातीय, जातीय या भाषाई अर्थ वाले राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने की मांग की थी। कानून मंत्रालय ने आज कोर्ट को बताया कि इस मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। भारत के चुनाव आयोग ने कहा कि उसने 2005 में एक नीतिगत निर्णय लिया था कि धार्मिक या जातिगत नाम वाली किसी भी पार्टी को अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि 2005 से पहले बनी पार्टियां काम करना जारी रख सकती हैं।




## सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ी

दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत आठ जनवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। सत्येंद्र कुमार जैन फिलहाल चिकित्सकीय आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को छह सप्ताह के लिए उन्हें जमानत दी थी। बाद में इसे समय-समय पर बढ़ा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। सत्येंद्र जैन ने 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 तक कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदी थीं। जिसका वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। उनके साथ पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को अगले साल 31 जनवरी तक एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निविदाएं जारी करने सहित उठाए गए कदमों का विवरण दिया गया हो। 11 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका को धन उपलब्ध कराने के प्रति अपने ढुलमुल रवैये पर दिल्ली सरकार की खिंचाई की थी।

# नौकरशाही की कार्यशैली का मुद्दा उठाएंगे : आप

» भाजपा व केंद्र की नीतियों पर हो चर्चा

» सत्ता पक्ष के निशाने पर होगी अधिकारियों की कार्यशैली, हंगामे के आसार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का शुक्रवार से शुरू हो रहा दो दिवसीय शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे को कठघरे में खड़े करने की सियासी रणनीति तैयार कर ली है। सत्ता पक्ष नौकरशाहों की कार्यशैली और उससे जनहित के कार्यों के प्रभावित होने की बात करते हुए उपराज्यपाल व भाजपा पर हमलावर रहेगा, जबकि विपक्ष दिल्ली की जनहित से जुड़ी समस्याओं पर सरकार से जवाब मांगेगा।

**विधानसभा के दो दिवसीय सत्र का आगाज**

विपक्ष इस सत्र को दो की जगह 10 दिन तक चलाए जाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से करेगा। आगामी लोस चुनाव को देखते हुए आप विधायक केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर भी भाजपा को घेरेंगे। विधानसभा में एक बार फिर पक्ष और विपक्षी पार्टी के सदस्य आमने सामने होंगे। भाजपा और आम आदमी पार्टी के विधायक दल ने बैठक कर रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा विधायकों ने ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा के लिए नोटिस भेजा है। लिहाजा सत्र भी हंगामेदार रहने की उम्मीद है। सदन शुरू होने के साथ ही भाजपा विधायकों ने दिल्ली की जनता के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की मांग करेंगे। शीतकालीन सत्र को कम से कम 10 दिन तक चलाने की मांग भी रखेंगे। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। यही वजह से है कि सदन में चर्चा कराना नहीं चाहती। अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए ही सत्र बुलाया जाता है। सरकार को सवालों का जवाब देना ही होगा।



## केजरीवाल को घेरेंगे भाजपा व अन्य विपक्ष

सदन में विपक्ष यह साबित करने की कोशिश करेगा कि आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्ट है। मुख्यमंत्री के राजमहल के निर्माण के मुद्दे के साथ ही सतर्कता विभाग की फाइलों में हेरफेर, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर आप सरकार को कटघरे में खड़ा करेगा। उधर, आम आदमी पार्टी ने भी खास तैयारी की है। केंद्र सरकार पर हमला करने के साथ ही नौकरशाही व्यवस्था पर भी विधायक निशाना साधेंगे। यह भी आरोप मढ़ेंगे कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले अधिकारी दिल्ली सरकार की योजनाओं में बाधा बन रहे है। रणनीति के तहत केंद्र सरकार की नीतियों को चुनौती देंगे। 'मैं भी केजरीवाल' कैंपेन के तहत बताएंगे कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईमानदारी पर दिल्ली वालों को भरोसा है। केजरीवाल तानाशाही के सामने नहीं झुकेंगे। दिल्ली वाले उनके साथ जेल तक जाने के लिए भी तैयार है। ईडी और सीबीआई एक रुपया भी आप नेताओं से बरामद नहीं कर पाई है। पूरी दिल्ली को केजरीवाल की ईमानदारी पर पूरा भरोसा है।



# संसद की सुरक्षा में चूक या साजिश!

## कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने पीएम व गृहमंत्री से मांगा जवाब

» नई संसद में सत्र के दौरान कूदे दो लोग

» सुरक्षा चूक पर विपक्ष के निशाने पर मोदी सरकार

» विपक्ष ने कहा- जांच हो अंदर कैसे आए लोग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कहां दावे किए गए थे कि नई संसद की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य बनाई गई उसमें परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा पर जिस तरह से बुधवार को सदन के अंदर सत्र के दौरान दो युवक कूद गए और वहां पर रंगीन धुआं से दहशत फैलाया। उस कृत्य ने संसद की सुरक्षा की कलई खोलकर रख दी। कभी इसी नई संसद की सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ में सत्ता पक्ष व उनके पैरोकार की जुबां नहीं थकती थी उन्ही लोगों की जुबां पर आज ताले से बंद हो गए हैं।

जिस तरह कल यह घटना घटित हुई है इससे तो ऐसा लगता है कि यह बहुत सोची समझी साजिश तहत हुआ है। हालांकि सत्ता के करीबी इसे चूक मान रहे तो कुछ साजिश बता रहें है। ये तो जांच के बााद ही पता चलेगा घटना क्यों हुई और इसके पीछे किनका हाथ है। इस घटना की अहमियत इसी से लगाई जा सकती है इस पर दूसरे दिन संसद में इसी मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। बात इतनी बढ़ी कि15 सांसदों को अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया।



### सुरक्षा अधिकारियों ने नहीं सांसदों ने दोनों आरोपियों को पकड़ा : अधीर



कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, दो युवक गैलरी से कूदकर लोकसभा में आ गए. इसके बाद उन्होंने कुछ फेंका, जिससे गैस निकल रही थी। अधीर रंजन चौधरी ने कहा, सबसे पहले साथी सांसदों ने आरोपियों को दबोच लिया। फिर सुरक्षा अधिकारी उन्हें सदन से बाहर लेकर गए. यह निश्चित रूप से सुरक्षा में चूक है, क्योंकि आज हम उन लोगों की बरसी मना रहे हैं, जिन्होंने 2001 (संसद हमले) में अपने जीवन का बलिदान दिया था। सदन में सुरक्षा चूक पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, शून्यकाल के दौरान हुई घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं, प्राथमिक जांच के अनुसार यह सिर्फ साधारण धुआं था इसलिए यह धुआं चिंता का विषय नहीं है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के अलावा कई विपक्षी सासंदों ने इस घटना को सुरक्षा में बड़ा चूक बताया है।

### सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए : डिंपल



समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि आज सदन के भीतर कुछ भी हो सकता था, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात : अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2001 के हमले की बरसी पर संसद के अंदर सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात% है. संसद पर 2001 में हुए हमले की बरसी पर बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो लोग दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए और कनेस्टर के माध्यम से धुआं फैला दिया. घटना के तुरंत बाद दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2001 के हमले की बरसी पर आज संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है। हमारे लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा के साथ कोई



समझौता नहीं किया जा सकता है। हमलावर कौन थे, वे लोग कैसे अंदर आए, उनके इरादे क्या थे- इसका खुलासा करने के लिए तत्काल जांच महत्वपूर्ण है।

### यह बहुत गंभीर मामला, गृहमंत्री बयान दें : खरगे



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में सुरक्षा उल्लंघन की घटना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मामला बहुत गंभीर है, यह सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा का सवाल नहीं है यह इस बारे में है कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद दो लोग अंदर कैसे आ पाए और सुरक्षा में सेंध लगाई। उन्होंने सभापति जदगीप धनखड़ से कहा कि हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया कार्यवाही को स्थगित कर दें। गृह मंत्री को आने दें और अधिक जानकारी दें।

### कांग्रेस इसका राजनीतिकरण कर रही : गोयल



राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि मेरा मानना है कि राज्यसभा बड़ों का सदन है। हमें यह संदेश देना चाहिए कि इस देश की ताकत इन सब से ऊपर है। सदन की कार्यवाही जारी रहनी चाहिए...मुझे लगता है कि कांग्रेस इसका राजनीतिकरण कर रही है और यह देश के लिए अच्छा संदेश नहीं है। जदगीप धनखड़ ने कहा कि जैसे ही मुझे इसके बारे में पता चला मैंने सुरक्षा निदेशक को फोन किया। मैंने उनसे कहा कि वे अपडेट दे, उस समय उन्होंने मुझे जो अपडेट दिया था, वह मैंने सदन के साथ साझा किया है। यह चिंता का विषय है लेकिन हमें विवरण की प्रतीक्षा करनी चाहिए और फिर हम इस पर विचार कर सकेंगे।

### लगा अब जान नहीं बचेगी : मलूक नागर

#### बसपा नेता ने बताई आपबीती

संसद में घुसे एक आरोपी को दबोचने वाले बीएसपी सांसद ने पूरी कहानी बताई है। मलूक नागर ने बताया, जहां पर हमलोगों की सीट है, वहीं ऊपर दर्शक दीर्घा है, शून्य काल चल रहा था, 5-7 मिनट ही बचे थे अचानक मुझे लगा कि जैसे किसी ने मेरी बेंच को धक्का दे दिया है, मैं कुछ समझ पाता, उससे पहले युवक बेंच पर कूदने लगे उन्होंने बताया, लग रहा था जान नहीं बचेगी। जब मैं उसके पीछे भागा तो युवक कहने लगा तानाशाही नहीं चलेगी। नागर ने बताया, वह सीटों के ऊपर से जंप करने लगा। जब हम उसे पकड़ने भागे तो वो कहने लगा- नजदीक मत आओ, नजदीक मत आओ, तानाशाही नहीं चलेगी। नजदीक पहुंचते ही उसने जूता निकाल लिया, उसमें से कुछ निकाला और धुआं फैल गया। नागर ने बताया कि युवक के कूदते ही पीठासीन पदाधिकारी



राजेंद्र अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी। सारे सांसद घबरा गए थे. मलूक नागर ने कहा कि एक वक्त ऐसा लगा कि हमारी जान बच पाएगी या नहीं, वहीं, बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी ने आरोपियों को आतंकी बताया है। आपको बता दें कि सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा करते समय बीजेपी सांसद राजेंद्र अग्रवाल भी बहुत घबराए दिख रहे थे और उनकी आवाज लड़खड़ा रही थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी उस वक्त सदन में ही मौजूद थे। टीएमसी सांसद सुदीप बंधोपाध्याय ने इस घटना को भयानक अनुभव बताया है। उन्होंने कहा, किसी को भी उनके मकसद का अंदाजा नहीं था। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं।

## तंत्र के कामकाज से निराश, इसलिए ऐसी वारदात

» पकड़े गए आरोपी बोले रोजगार की तलाश में थे

» सोशल मीडिया के सहारे मिले थे सभी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रथम दृष्टया जो पीड़ित पकड़े गए हैं उनके बयान जो सामने आए है उससे ऐसा लगता हे कि वे सरकारी तंत्र की व्यवस्था से आहत थे। उन सबको ऐसा लगता है कि सरकारें उनकी सुन रही है इसलिए उनको कुछ ऐसा करना होगा ताकि उनकी बात सुनी जाए। अब यह तरीका बहस का मुद्दा हो सकता है। कुछ लोग इसको गलत तो कुछ सही ठहरायेंगे। पर कुल मिलाकर यह घटना सरकार की चूक है। जांच से तो पता चल ही जाएगा कि सच्चाई क्या है।

संसद की सुरक्षा में बुधवार (13 दिसंबर) को हुई सेंधमारी की घटना में शामिल छह में से पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 6 लोगों ने साजिश रची थी, जिसके तहत घटना को अंजाम दिया। संसद में सेंधमारी करने वाले ये 6 लोग डेढ़ साल से एक-दूसरे को जानते थे, सोशल मीडिया के जरिए ये एक-दूसरे से कनेक्टेड थे। संसद आने से पहले उन्होंने रेकी की थी। सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम वरमाहस, ललित झा और विशाल ने इस घटना की प्लानिंग की थी। सभी आरोपी देश के अलग-अलग कोने से हैं, रिक्शा ड्राइवर से लेकर ईंजीनियर तक इस साजिश में शामिल हैं। मुंबई के पास लातुर जिले के जारी बुद्रुक में अमोल शिंदे का परिवार रहता है, उसके माता पिता खेती करते हैं और उन्हें बुधवार की घटना के बारे में तब पता चला जब पुलिस उनके घर पहुंची,अमोल ने 12वीं तक की पढ़ाई की है और फिलहाल बेरोजगार है, वह सेना में भर्ती होना चाहता था और वह यह कहकर घर से निकला था कि दिल्ली पुलिस भर्ती के लिए जा रहा है।



### खिलाडियों व किसानों के दुख से थे आहत

दूसरी आरोपी नीलम वरमाहस हरियाणा के जींद जिले के गाशो खुर्द गांव की रहने वाली है। फ्रीडम फाइटर आजाद भगत सिंह से प्रभावित होकर वह खुद को नीलम आजाद बताती है। नीलम भी बेरोजगारी से परेशान है। उसने हरियाणा टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट भी क्लियर किया है, लेकिन अभी तक टीचर के तौर पर उसकी नौकरी नहीं लगी। किसान आंदोलन, महिला रेसलरों के प्रोटेस्ट समेत विभिन्न विरोध प्रदर्शनों में भी शामिल रही ,नीलम ओबीसी कैटेगरी से है और उसको क्रांतिकारी लड़की के नाम से भी जाना जाता है. एटीइटी टेस्ट की मान्यता सात साल के लिए होती है. यानी अगर कोई यह परीक्षा पास कर लेता है तो उसके पास टीचर बनने के लिए सात साल का समय होता है और नीलम क्की मान्यता इस साल खत्म हो रही है और उसकी उम्र 37 साल है। उसके परिवार का कहना है कि नीलम ने उन्हें नहीं बताया कि वह दिल्ली मे है। तीसरा आरोपी सागर शर्मा रिक्शा ड्राइवर है और फ्रीडम फाइटर भगत सिंह एवं क्यूबा के चर्चित मंत्री चे ग्वेरा का फैन है,, अपने सोशल मीडिया पर वह इन दोनों शख्सियतों के कोट्स पोस्ट करता रहता है. सागर की उम्र 28 साल है, कल वह संसद में विजिटर्स गैलरी से सदन में कूद गया और फिर पीले रंग का धुआं उड़ाया। वह लखनऊ के रामनगर के आलमबाग का रहने वाला है, परिवार का कहना है कि वह यह बोलकर घर से निकला था कि दिल्ली प्रोटेस्ट में हिस्सा लेने जा रहा है। सागर की मां का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि कैसे बेटे को संसद का पास मिला, उनका कहना है कि सागर ने किसी गलत मकसद से ऐसा नहीं किया है. उसने दसवीं तक पढ़ाई की है और 2018 में वह बेंगलुरु में आटे की मिल में काम करता था, लेकिन 2020 में कोरोना महामारी के दौरन वापस लौट आया और अब यहां ई-रिक्शा चलाता है। कर्नाटक के मैसुरु में रहने वाला मनोरंजन डी कंप्यूटर साइंस में इंजीनियर ग्रेजुएट है।

### पूरे प्लानिंग से किया काम

पुलिस ने बताया कि प्लानिंग के तहत सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा के कक्ष में कूद गए और उन्होंने केन से पीली गैस उड़ाते हुए नारेबाजी की। उसी समय संसद भवन के बाहर अमोल शिंदे और नीलम ने केन से लाल और पीले रंग का धुआं फैलाते हुए तानाशाही नहीं चलेगी बोलते हुए नारे लगाए. सागर, मनोरंजन, अमोल और नीलम अब पुलिस हिरासत में हैं. वहीं, पांचवें आरोपी विशाल को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, संसद पहुंचने से पहले ये चारों विशाल के घर पर ही रुके थे, छठा आरोपी ललित फरार है।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध के आंकड़े

“ एनसीआरबी की 70वीं सालाना रिपोर्ट बताती है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 से 4 फीसदी ज्यादा हैं। 19 मेट्रो शहरों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 12.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली, इंदौर और लखनऊ में सबसे ज्यादा महिला अपराध दर्ज किए गए। चन्नै और कोयंबटूर में महिलाएं सबसे कम सताई गईं।

*यूपी की राजधानी लखनऊ में गत दिनों छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई। इससे पहले भी कईबार ऐसी खबरें आती रही है। सरकारों द्वारा बड़े-बड़े दावों के बावूजद महिलाओं पर अपराध कम नहीं हो रहे है। जबकि केंद्र सरकार कहती रहती है कि महिला अपराध कम हो रहे हैं। एनसीआरबी की 70वीं सालाना रिपोर्ट बताती है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 से 4 फीसदी ज्यादा हैं। 19 मेट्रो शहरों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 12.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली, इंदौर और लखनऊ में सबसे ज्यादा महिला अपराध दर्ज किए गए। चन्नै और कोयंबटूर में महिलाएं सबसे कम सताई गईं। प्रदेशों में यूपी अव्वल है, फिर महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का नंबर है। आंकड़े इस बात की ताकीद कर रहे है कि विकास का मर्दाना मॉडल औरतों के हक में कतई नहीं है। हाल यह है कि महिला को हिंसा करने वाले के ही सुपुर्द कर दिया जाता है।*

*इस रिपोर्ट में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 प्रतिशत क्रूरता, 19.2 प्रतिशत अपहरण, 18.7प्रतिशत दुष्कर्म की कोशिश और 7.1 प्रतिशत दुष्कर्म करने के मामले हैं। दहेज हत्या में यूपी-बिहार अव्वल हैं। महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेदभाव समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संधि सीडॉ में अनुशंसाएं थीं कि राज्य की पार्टियों को विशेष रूप से परिवार में होने वाली हिंसा के विरुद्ध महिला संरक्षण करना चाहिए। आंकड़े गवाह हैं कि इस संधि पर कितना कम अमल किया गया। आंकड़े इस बात की ताकीद कर रहे है कि विकास का मर्दाना मॉडल औरतों के हक में कतई नहीं है। आधी आबादी का ज्यादा वक्त खुद को बचाने, अपराधों की रिपोर्ट करने और फिर बरसों पुलिस से लेकर अदालत तक का चक्कर लगाने में ही गुजर रहा है। महिला आंदोलन की पुरानी मांग है कि हर शहर में इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बने, जो पूरी नहीं हुई है। सार्वजनिक परिवहन में सीसीटीव कैमरे और पैनिक बटन की मांग भी महिलाओं ने उठाई थी। वह भी अभी तक ठीक से पूरी नहीं हो सकी है। ये थीं वे बातें, जो सरकारी मशीनरी को दुरुस्त करने से जुड़ी हैं। जाहिर है, इसके सही होने से महिला अपराधों पर अंकुश लगेगा। लेकिन और भी काम होने जरूरी हैं। जनता के चुने गए नुमाइंदे जब महिलाओं के खिलाफ आपराधिक भाषा शैली का प्रयोग करें, तो उनके खिलाफ विशेष सजा का प्रावधान हो। उनका एक वाक्य बहुत दूर तलक अपना नकारात्मक असर छोड़ जाता है। 10 साल पुराने डेटा बताते हैं कि पिछले एक दशक में महिलाओं के प्रति अपराध में 75प्रतिशत तक की वृद्धि है। सरकारों को केवल प्रचार नही कुछ ठोस करना होगा।*

( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )

# जरूरतों के दीर्घकालीन समाधान को मिले गारंटी

प्रमोद जोशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत करने के बाद कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया कि मोदी की गारंटी में दम है। गारंटी से उनका आशय उस भरोसे से है, जो उनकी कार्यशैली से जुड़ा है। सिद्धांततः वे लोकलुभावन राजनीति के विरोधी हैं। पिछले साल एक सभा में उन्होंने कहा था कि लोकलुभावन राजनीति के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की संस्कृति पर रोक लगनी चाहिए। वे यह बात गुजरात के चुनाव के संदर्भ में कह रहे थे, जहां आम आदमी पार्टी भी प्रवेश पाने की कोशिश कर रही थी।

इसी रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि समाज में जिस तथाकथित मुफ्त उपहार की 'अंधी दौड़' देखने को मिल रही है, उसकी राजनीति खर्च करने संबंधी प्राथमिकताओं को विकृत कर देती है। बहरहाल, इन दिनों गारंटी शब्द इतना लोकप्रिय हो रहा है कि इस बार भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए अपने घोषणापत्र को 'मोदी की गारंटी' नाम दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी की जीत के पीछे 'लाड़ली बहना' योजना का हाथ बताया जा रहा है। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं को हर महीने 1,250 रुपये देती है। मोदी की भाजपा ने ही नहीं, हाल ही में हुए चुनावों में कांग्रेस ने चार राज्यों में और तेलंगाना में बीआरएस ने भी गारंटियों की झड़ी लगा दी। इन वादों में एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर भारी सब्सिडी, स्त्रियों को हर महीने धनराशि वगैरह-वगैरह शामिल हैं। इस साल मई में हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता के पीछे 'पांच गारंटियों' की बड़ी भूमिका थी। पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि एवं शक्ति की पांच गारंटियां दी थीं। गृह ज्योति के तहत 200 यूनिट निःशुल्क बिजली, गृह लक्ष्मी में परिवार की मुखिया को दो हजार रुपये, अन्न भाग्य में दस किलोग्राम अनाज, युवा निधि में बेरोजगार स्नातकों को तीन हजार और डिप्लोमाधारियों को डेढ़ हजार रुपये महीने, शक्ति योजना के तहत महिलाओं को राज्यभर में सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा की गारंटी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले पांच वर्षों के लिए 80 करोड़ लोगों को




मुफ्त राशन देने की घोषणा करके 'पोस्टडेटेड' गारंटी दी है, यह मानते हुए कि 2024 में सरकार उनकी ही आएगी। यह योजना पहली बार अप्रैल, 2020 में महामारी के दौरान तीन महीने के लिए शुरू की गई थी। फिर इसे छोटी-छोटी अवधियों के लिए बढ़ाया गया। अब इसे एकमुश्त पांच साल के लिए बढ़ाने से एक बात की पुष्टि हुई है कि ये गारंटियां चुनावी सफलता की गारंटी हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में देश के 20 फीसदी निर्धनतम परिवारों के लिए 72,000 रुपये की सालाना आय की गारंटी 'न्याय' (न्यूनतम आय योजना) लागू करने का वादा किया था। आप कह सकते हैं कि इन गारंटियों में हर्ज ही क्या है? जनता का पैसा कल्याणकारी योजनाओं पर ही तो लग रहा है। हाल ही के वर्षों में केंद्र और राज्यों के राजस्व में काफी वृद्धि हुई है। फिर भी उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वे इस मुफ्तखोरी को लंबे समय तक चला सकें। भारत के रिजर्व बैंक ने पिछले साल अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वे कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। 'स्टेट फाइनेंसेस अ रिस्क एनालिसिस' शीर्षक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल कर्ज के दलदल में धंसते जा रहे हैं। पर्याप्त संसाधनों का मतलब यह भी नहीं है कि उन्हें उड़ा दिया जाए, बल्कि दीर्घकालीन विकास से जुड़े कार्यक्रमों पर उन्हें लगाना चाहिए।

कल्याणकारी शब्द की भी व्याख्या होनी चाहिए। व्यावहारिक दृष्टि से जनता के लिए कल्याणकारी लाभ का मतलब है उसकी बुनियादी दिक्कतों का दूर होना। मसलन उसकी गरीबी, बेरोजगारी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का दीर्घकालीन समाधान।

ऐसे दूरगामी कार्यक्रमों को अक्सर समझ पाना आसान नहीं होता, जबकि हाथ में नकदी आना, मुफ्त बिजली, अनाज या मुफ्त-यात्रा का सुख फौरन दिखाई पड़ता है। इन कार्यक्रमों की अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएं, तो उनके लाभ और हानियां भी सामने आएंगे। देखना यह भी होगा कि सरकारी खजाने में इन सब कार्यक्रमों को पूरा कर पाने की सामर्थ्य है भी या नहीं। वादों के व्यावहारिक-पक्ष पर कोई ध्यान नहीं देता। द्रमुक के संस्थापक सीएन अन्नादुरै ने 1967 में वादा किया था कि एक रुपये में साढ़े चार किलो चावल दिया जाएगा। वे अपने वादे से मुकर गए, क्योंकि उन्हें समझ में आ गया कि इससे राज्य पर भारी बोझ पड़ेगा।

# अफगान शरणार्थी त्रासदी पर चुप इस्लामिक देश

पुष्परंजन



खबर भयावह है। ईरान अब तक साढ़े तीन लाख अफगान शरणार्थियों को भगा चुका है, इसके साथ ही 500 लाशें अफगानिस्तान के हवाले कर चुका है। अफगान शरणार्थियों को भगाने का सिलसिला सीमा पार पाकिस्तान से भी शुरू है। ऐसी मानव त्रासदी पर मुसलमान देशों, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चुप्पी से हैरान हों, या कि अफसोस करें? अधिकारियों ने कहा कि पिछले छह महीनों में ईरान में मारे गए पांच सौ अफगान आप्रवासियों के शवों को सीमावर्ती नगर, राह-ए-अबरीशम के बरास्ते अफगानिस्तान भेज दिया गया है। दक्षिण-पश्चिम अफगानिस्तान का प्रांत निमरोज के स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, ये अफगान प्रवासी विभिन्न घटनाओं, विशेषकर तस्करी मार्गों में हुई दुर्घटनाओं की वजह से मारे गए हैं।

निमरोज में आप्रवासी विभाग के प्रमुख अब्दुल्ला रियाज बताते हैं कि पिछले छह महीनों में ईरान से 500 शव अफगानिस्तान स्थानांतरित किए गए हैं। ये शव कई घटनाओं के कारण हैं, जिनमें ट्रैफिक एक्सीडेंट, प्राकृतिक मौत और गोलियों से हुई मौतें शामिल हैं। निमरोज की राजधानी जरंज में सुरक्षा कमांड के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि 2023 में हमने डेढ़ सौ से अधिक मानव तस्कर पकड़े हैं। बुधवार को ईरान में तथाकथित यातायात दुर्घटना में मारे गए 18 वर्षीय आमिर खान का शव अफगानिस्तान ले जाया गया है। आमिर खान के रिश्तेदारों ने बताया कि सगाई के बाद वह काम ढूंढने और अपनी शादी का खर्च उठाने के लिए ईरान गए थे। उन्हें ईरान गए एक साल हो गया था, वह काम में व्यस्त रहते थे, अचानक दोपहर में दुर्घटना के शिकार हो गये। आमिर के एक अन्य रिश्तेदार अब्दुल वली ने कहा, हम ईरानियों से खुश नहीं हैं, वे हमारी मदद करने के बजाय हमें हर जगह परेशान कर रहे हैं। जब ईरान में कोई अफगान मारा जाता है, तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता; यह ऐसा है जैसे कोई कीड़ा-मकोड़ा मारा गया हो।

कुछ अन्य पीड़ितों के परिवारों ने कहा कि उन्हें अपने रिश्तेदारों के शवों को देश ले जाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये मौतें संयोग हैं, या सुनियोजित हत्याएं? 500 शव तीन महीनों में ईरान से सीमा पार अफगानिस्तान भेजे गये, उसे सही से खंगाला जाए तो संदेह होता है। ईरान से जो लोग जिंदा वापस लौट रहे हैं, उनके बयान सुनकर कोई भी सिहर जाए। ईरान से लौटने वालों के अनुसार, 'हमें शारीरिक यातनाएं दी गईं, ईरानी सेना के दुर्व्यवहार ने हमारे मनोबल को तोड़ कर रख दिया। निमरोज प्रांत में इमिग्रेशन विभाग के प्रमुख अब्दुल्ला रियाज ने जानकारी दी कि पिछले दो महीनों में ईरान से लौटे 120,000 शरणार्थियों में से 90 फीसद को जबरन निर्वासित कर दिया गया है। ज्यादातर शरणार्थी पुल-ए अब्रीशम के रास्ते अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं। कार्यवाहक शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्री खलील रहमान हक्कानी 8 दिसंबर को निमरोज आये, उन्होंने ईरानी बलों द्वारा अफगान शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार की आलोचना की। खलील रहमान हक्कानी ने कहा कि हमारी सरकार देश में काम के अवसर सृजित कर पड़ोसियों और अन्य देशों में अवैध आप्रवासन को रोकने के प्रयास कर रही है।

लेकिन जो व्यवहार ईरान के सैनिक हमारे नागरिकों के साथ कर रहे हैं, वो अमानवीय है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक अमीरात ने देश के अंदर रोजगार के अवसर प्रदान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, ताकि इन युवाओं को देश छोड़ना न पड़े। हक्कानी ने कहा, 'हम उनके लिए देश के अंदर काम के अवसर प्रदान करना चाहते हैं ताकि इन युवाओं को देश छोड़ना न पड़े और वे अपनी पढ़ाई भी जारी रख सकें। ईरान से निकाले गए कई शरणार्थियों ने उस देश में पुलिस के दुर्व्यवहार के बारे में बात की। एक पीड़ित बेस्मेल्ला आपबीती बताते हैं, 'हमने सब कुछ खो दिया। जहां हम गए, उन्होंने हमारे पैसे छीने और हमें बुरी तरह पीटा, अफगानों की वहां औकात नहीं है। वे हमें गिरफ्तार करते हैं, हमारे पैसे ले लेते हैं और हमें पीटते हैं। हमें अपने देश में काम नहीं मिलता है, हम अपने परिवारों को छोड़कर ईरान चले जाते हैं।' लेकिन यह गंभीर हालात केवल ईरान सीमा पर नहीं है, पाकिस्तान भी अफगान शरणार्थियों के साथ ऐसा ही सुलूक कर रहा है। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के अनुसार, पाकिस्तान में लगभग 13 लाख अफगान शरणार्थी हैं, जिनमें से 8 लाख 40 हजार रिफ्यूजी को पाकिस्तान ने नागरिकता कार्ड जारी कर रखा है। लेकिन अफगान शरणार्थियों की यह संख्या सटीक नहीं है।

यूएनएचसीआर के हवाले से कुछ खबरें बताती हैं कि पाकिस्तान में 17 लाख अफगान शरणार्थी हैं। पाकिस्तान सरकार ने 1 नवंबर, 2023 तक बिना सिटीजनशिप कार्ड वाले अफगान शरणार्थियों को वतन वापसी की समय सीमा निर्धारित कर दी थी। कुछ मानवाधिकार संगठन इस आदेश के खिलाफ अदालत भी गये, लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिली। पाकिस्तान में एक्टिव मानवाधिकार संस्थाओं के अनुसार, 2023 में 3 लाख 70 हजार अफगान शरणार्थियों को उनके वतन बलपूर्वक भेजा जा चुका है। एमनेस्टी इंटरनेशनल के डेप्युटी रिजनल डायरेक्टर लीविया सकार्दी ने जानकारी दी कि पाकिस्तान ने 49 हिरासत केंद्र बना रखे हैं, जहां अफगान शरणार्थी रखे गये थे। ऐसे डिटेंशन सेंटरों में शरणार्थी महीनों दुर्गति झेलते रहे, अब उन्हें वहां से निकालकर सीमा पार अफगानिस्तान जबरन भेजा जा रहा है।



जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है

# सर्दियों में दिक्कत बढ़ा सकती है आर्थराइटिस

## जरूर बरतें ये सावधानी

आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

### सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।





### शरीर को रखें गर्म

आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। अपने को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।



### एंटीइंफ्लामेटरी आहार का करें सेवन

अपने आहार में बदलाव करने से गठिया को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। स्वस्थ पौष्टिक आहार, जिसमें एंटीइंफ्लामेटरी चीजें शामिल हों ये सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत करने और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे वसायुक्त मछली, नट्स और सीड्स को आहार का हिस्सा बनाने से लाभ मिल सकता है।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।

## हंसना मना है

टीचर: तुम परिंदों के बारे में सब जानते हो? सचिन: हां टीचर: अच्छा ये बताओ कौन सा परिंदा उड़ नहीं सकता? सचिन: मरा हुआ परिंदा!

पति: क्या तुम जानती हों दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है? पत्नी: दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं। जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

मास्टर जी: शांति किसके घर में रहती है। चिंटू: जिस घर में पति और पत्नी दोनों मोबाइल चलाते हैं।

टीचर: एक औरत एक घंटे में 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी? गोलू: एक भी नहीं, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी। गोलू की बात सुनकर टीचर अभी तक बेहोश है।

लड़का: मैं उस लड़की से शादी करुंगा, जो मेहनती हो, सादगी से रहती हो, घर को संवारकर रखती हो, आज्ञाकारी हो। प्रेमिका: मेरे घर आ जाना, ये सारे गुण मेरी नौकरानी में हैं।

## कहानी — मूर्ख साधू और ठग

एक बार की बात है, किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। गांव में सभी लोग उनका सम्मान करते थे। उसे अपने भक्तों से दान में तरह-तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। साधू कभी किसी पर विश्वास नहीं करता था और हमेशा अपने धन की सुरक्षा के लिए चिंतित रहता था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। बहुत दिनों से उसकी नजर साधू के धन पर थी। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। आखिरकार, उस ठग ने एक छात्र का वेश धारण किया और उस साधू के पास गया। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ-सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था और ठग ने साधू की खूब सेवा की और जल्दी ही उसका विश्वासपात्र बन गया। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया।
**शिक्षा:** किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## 5 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** आज आपका दिन शानदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें।

**वृषभ** आज आपके परिवार का माहौल सुखमय रहेगा, आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आज आप अपने भाई बहनों से कुछ पुरानी यादों को साझा करेंगे।

**मिथुन** आज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। इस राशि के जो लोग सिंगिंग के शौकीन है उनके लिए आज का दिन बेहतरीन है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए कामों की प्रशंसा होगी, जिसके कारण आज आपके शत्रु भी आपके मित्र बने नजर आएंगे।

**सिंह** आपके नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सराहना करेंगे। जीवनसाथी का सहयोग आज आपके कामों में कारगर साबित होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए और दिनों से बेहतर रहने वाला है, क्योंकि आज आपको व्यापार में दिनभर लाभ के अवसर मिलते रहेंगे, जिनसे आप प्रसन्न रहेंगे और आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

**तुला** आज आगे बढ़ने के नये रास्ते नजर आयेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएंगी। व्यापार में पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएेगी।

**वृश्चिक** आज आपको अपने व्यापार के लिए कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला को सीखना होगा, तभी आप अपने व्यापार में अत्यधिक लाभ अर्जित कर पाएंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आयेगी। आज आपके सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे।

**मकर** आज का दिन सामाजिक दृष्टिकोण से कार्यरत लोगों के लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना होगी व आपको कुछ नई जनसभाएं करने का भी मौका मिलेगा।

**कुम्भ** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। अगर आप जॉब बदलने का मन बना रहे हैं तो आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति का दिन रहेगा। आज आपको बड़ों के आशीर्वाद से व आपकी मेहनत से किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी, जिसकी अभिलाष आप लंबे समय से कर रहे थे।

# अगले महीने रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म किलर सूप

नेटफ्लिक्स इंडिया ने किलर कास्ट के साथ एक नई क्राइम थ्रिलर किलर सूप की घोषणा की है। मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा अभिनीत सीरीज एक समाचार शीर्षक से प्रेरित है। किलर सूप क्राइम के साथ कॉमेडी का मजा देगी। इस सीरीज की रिलीज की तारीख की भी घोषणा हो चुकी है। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे और लाल सहित कई शानदार कलाकार हैं। वहीं बात करें सीरीज की रिलीज के बारे में तो अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित व सह-लिखित और हनी त्रेहान और चेतना कौशिक के जरिए निर्मित यह नेटफ्लिक्स सीरीज 11 जनवरी 2024 को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स इंडिया के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने किलर सूप का पहला पोस्टर जारी किया। कैप्शन में लिखा गया, कहानी इतनी विचित्र है कि इस पर विश्वास करने के लिए आपको इसे देखना होगा। मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा और मनोज बाजपेयी अभिनीत इस किलर सूप की सामग्री जानें, जो 11 जनवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर आपके लिए आ रही है।

सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा ने स्वाति शेट्टी का किरदार निभाया है, जो एक महत्वाकांक्षी और प्रतिभाशाली घरेलू शेफ है, जो अपने पति प्रभाकर की जगह अपने प्रेमी उमेश को लाने के लिए एक सनकी योजना तैयार करती हैं। हालांकि, जब एक स्थानीय इंस्पेक्टर और खलनायकों की एंट्री होती है तो कहानी नया मोड़ ले लेती है। सीरीज में प्रभाकर की भूमिका में मनोज बाजपेयी नजर आएंगे।




सीरीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक और सह-लेखक अभिषेक चौबे ने कहा कि किलर सूप के साथ हम दर्शकों को हंसाना चाहते हैं और साथ ही एक क्राइम थ्रिलर के साथ पूरी तरह से आश्चर्यचकित अनुभव देना चाहते हैं। इस श्रृंखला के माध्यम से मैं नेटफ्लिक्स के साथ कुछ असाधारण पेश करना चाहता था और यह उनके साथ एक रचनात्मक रूप से संतुष्टिदायक अनुभव रहा है। वहीं किलर सूप की निर्देशक तान्या बामी ने कहा, 2023 में हमारी सीरीज को जो प्यार और मान्यता मिली है, वह जबरदस्त और उत्साहजनक है। 2024 में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दर्शकों को नेटफ्लिक्स पर उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियां मिलती रहें। अभिषेक चौबे का किलर सूप हमारे लिए नए साल की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। यह एक ऐसी शैली है, जिसे दर्शक पसंद करते हैं। एक क्राइम थ्रिलर, जो किसी अन्य से अलग है। हम 2024 में अपने दर्शकों को एक और यादगार यात्रा पर ले जाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

बॉलीवुड | मन की बात

# जब आपकी नकल होने लगे तो समझ लीजिए कि आप सफल हो चुके हैं : पंकज त्रिपाठी



अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के ठीक एक हफ्ते के बाद पंकज त्रिपाठी की फिल्म कड़क सिंह सिनेमाघरों में रिलीज ना होकर सीधे ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज हुई। फिल्म एनिमल जहां पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधरित है. वहीं कड़क सिंह पिता -पुत्री के रिश्ते पर आधरित है। अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने एनिमल और कड़क सिंह की समानता के साथ-साथ ओटीटी के आने के बाद सिनेमा के बढ़ते दायरे के बारे में बात की। फिल्म एनिमल पिता-पुत्र के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक बेटा अपने पिता का बदला लेने के लिए हिंसा की किसी भी हद तक जा सकता है। वहीं फिल्म कड़क सिंह एक पिता की अपनी बेटी के साथ बॉन्डिंग के बारे में भी बात करती है। पंकज त्रिपाठी कहते हैं, कड़क सिंह भी एनिमल जैसा ही रिश्ता दिखाती फिल्म है, फिर भी यह बहुत अलग फिल्म है। यह फिल्म एक पिता और बेटी के बीच अशांत रिश्ते पर आधारित है। अभिनेता पंकज त्रिपाठी की फिल्म कड़क सिंह ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई है। पंकज त्रिपाठी कहते हैं, ओटीटी के आने के बाद सिनेमा का दायरा बड़ा हो गया है। पहले ये सब करना नामुमकिन था। कड़क सिंह उसी रिश्ते की बात करता है, लेकिन एक अलग अंदाज में। यह वह समय है, जब हम कड़क सिंह जैसी फिल्म कर सकते हैं। दस साल पहले हम ऐसी फिल्मों के बारे में नहीं सोच सकते थे। पंकज त्रिपाठी कहते हैं, बदलते सिनेमा के परिदृश्य की वजह से आज हम ओएमजी 2 जैसी फिल्म के बारे में बात कर सकते हैं। पहले आप किसी फिल्म में सेक्स और यौन शिक्षा पर चर्चा के बारे में नहीं सोच सकते। ऐसी फिल्मों के बारे में लोगों का अलग ही नजरिया था। लेकिन अब समय बदल गया है और अब ऐसी फिल्में लोग स्वीकार करने लगे हैं। इसी के साथ जो अब सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि अब चरित्र भूमिका निभाने वाले कलाकारों को भी स्टारडम मिलने लगा है।

# लारा दत्ता ने अक्षय कुमार और अरशद वारसी पर बरसाए कोड़े


बॉलीवुड | वायरल वीडियो



अक्षय कुमार हमेशा से ही अपने एक्शन से दर्शकों का दिल जीतते आए हैं। उन्होंने हमेशा अपने कॉमेडी जॉनर से भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। फिल्म कोई सी भी हो लेकिन अक्षय हमेशा दर्शकों का एंटरटेनमेंट करते हुए दिखाई देते हैं। इस समय को अपनी आने वाली फिल्म 'वेलकम 3' यानी वेलकम टू द जंगल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई है और इसमें सितारों की पूरी फौज को देखा जाने वाला है। इस फौज में आपको सिर्फ दो या चार सितारे नहीं बल्कि 25 एक्टर एक साथ देखने को मिलेंगे। अब हाल ही में शूटिंग सेट से एक वीडियो सामने आया है, जो काफी मजेदार दिखाई दे रहा है।

'वेलकम 3' के शूटिंग सेट से एक शानदार शूटिंग वीडियो सामने आया है। खुद अक्षय कुमार ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें उनके साथ अरशद वारसी, कृष्णा अभिषेक, तुषार कपूर और लारा दत्ता जैसे सितारों को देखा जा सकता है। इस वीडियो में अक्षय और अरशद को एक ट्रैक पर चलने की कोशिश करते हुए देखा जा रहा है और लारा दत्ता उन्हें पीछे से कोड़े मार रही हैं। तभी अक्षय का बैलेंस बिगड़ जाता है और वह नीचे गिर जाते हैं। जिस हिसाब से लारा दत्ता शूटिंग में चिल्ला रही है वह देखकर आपकी हंसी छूट जाएगी।

# ये है पानी पर बनी दुनिया की सबसे लंबी सड़क, लंबाई जानकर उड़ जाएंगे होश



अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के द्वीप समूह फ्लोरिडा कीज में एक बड़ा ही अनोखा हाईवे है, जिसे पानी पर बनी दुनिया की सबसे लंबी सड़कों में से एक माना जाता है। इसकी शानदार बनावट के चलते इसे इंजीनियरिंग का चमत्कार कहा जाता है। इसकी लंबाई जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। हालांकि, गेफिरोफोबिया से पीड़ित लोग यानी ऐसे लोग, जिन्हें पुलों से डर लगता है, ये हाईवे उनके सफर करने के लिए नहीं है। अब इसी हाईवे का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

ग्रद्दद्गद्धष्ठुद्दष्ठद्र×द्दु नाम के यूजर ने शेयर किया है, जिसके कैप्शन में लिखा गया है कि 'क्या आपने फ्लोरिडा कीज के ओवरसीज हाईवे पर ड्राइव की है?' वीडियो में आप इस हाईवे के चारों ओर की सुंदरता को देख सकते हैं। हाईवे देखने में ऐसा लगता है कि जैसे मानों बादलों की ओर जा रहा हो। महज 13 सेकंड का ये वीडियो आपके दिल को छू लेगा। 101ह्लह्वद्गद्मद्दद्बह्लद्गह्य की रिपोर्ट के अनुसार, ये ओवरसीज हाईवे 113 मील ( 181.9 किलोमीटर) लंबा है, जो फ्लोरिडा कीज को मैन लैंड से जोड़ता है। इसे यूएस रूट 1 या यूएस 1 के नाम से भी जाना जाता है, जिसे हेनरी फ्लैग्लर ने डिजाइन किया था। आपको जानकर ये हैरानी होगी कि ये हाईवे वहां के 44 द्वीपों को जोड़ता है। अगर कोई शख्स इस हाइवे पर सफर करता है तो वह अपनी यात्रा का 15 फीसदी से अधिक समय पुलों पर बिताता है, इसलिए ये हाईवे गेफिरोफोबिया लोगों के लिए नहीं है, जिन्हें पुलों से डर लगता है। इसके अलावा ओवरसीज हाईवे पर सबसे लंबा पुल 'सेवन माइल ब्रिज' भी है, जो इसका सबसे फेमस हिस्सा है। इस ब्रिज सहित इस हाईवे पर 42 पुल पड़ते हैं।

अजब-गजब | यहां प्लेन के अंदर सफर करतीं हैं पक्षियां

# इस देश में पक्षियों का बनता है पासपोर्ट

इंसानों का पासपोर्ट बनते हुए तो आपने सुना ही होगा, पर क्या आपने कभी पक्षी का पासपोर्ट बनते, या फिर उन्हें प्लेन में यात्रा करते देखा है? दुनिया में एक ऐसा देश भी है, जहां पक्षी, खासकर फाल्कन का पासपोर्ट बनता है। फाल्कन, चील की प्रजाति के पक्षी होते हैं। कुछ सालों पहले तो एक साउदी राजा चर्चा में आ गए थे, जिन्होंने अपने 80 फाल्कन के लिए प्लेन में सीट बुक की थी। इस घटना की तस्वीरें और वीडियो भी वायरल हुआ था जिसे देखकर दुनिया दंग रह गई थी।

आपको बता दें कि इस देश का नाम है संयुक्त अरब अमीरात है। यूनाइटेड अरब अमीरात मिनिस्ट्री ऑफ क्लाइमेट चेंज एंड एनवायरोमेंट के अनुसार इस देश में एक फाल्कन पासपोर्ट बनता है। फाल्कन के मालिक फाल्कन पासपोर्ट ले सकते हैं जो 3 सालों के लिए वैलिड रहेगा। ये पासपोर्ट यात्रा करने के वक्त या फिर हंटिंग ट्रिप के वक्त इस्तेमाल हो सकता है। प्रति फाल्कन एक पासपोर्ट बनता है जिसको बनवाने की कीमत 4,500 रुपये है।

सबसे ज्यादा चौंकाने वाली तब हुई जब साल 2017 में साउदी के एक राजा ने 1-2 नहीं, पूरी 80 सीटें, अपने पालतू 80 फाल्कन के लिए बुक कर ली थी। वो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाना था। हाल ही में इस घटना से जुड़ी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, तो इसपर चर्चा होना भी आवश्यक है। आपको बता दें कि मिडिल ईस्ट फाल्कन को प्लेन से ले जाना बेहद आम बात है। ट्विटर पोस्ट के अनुसार इस पासपोर्ट के जरिए ये पक्षी बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, साउदी अरब, पाकिस्तान, मोरक्को और सीरिया जैसे देशों में यात्रा कर सकते हैं।



# भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को नर्क में बदल दिया : फारूक अब्दुल्ला

» बोले- स्वर्ग के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर को नरक में जाने दो के बयान को स्पष्टीकरण देते हुए भाजपा को कश्मीर को नरक में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में बदल कर उसे नरक में धकेला है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, कि आप वास्तव में इसे (जम्मू कश्मीर) नरक में ले जा रहे हैं।

स्वर्ग के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है, मुझे बताओ कि स्वर्ग के लिए क्या किया जा रहा है? हर जगह चुनाव हो रहे हैं। हमारी क्या गलती है कि यह यहां नहीं हो रहा है? कौन सा अन्य राज्य क्या आपने इसे नरक नहीं बना दिया? आप कहते हैं कि आतंकवाद का खात्मा हो गया है, लेकिन क्या ऐसा है?... आप (केंद्र सरकार) हमारा दिल नहीं जीत रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी पिछली मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच विश्वास कायम करने के लिए, केंद्र को कश्मीरियों का दिल जीतने की कोशिश करनी चाहिए। मैंने पीएम से साफ कहा कि आप हम पर भरोसा नहीं करते और हम आप पर भरोसा नहीं करते। तो हम वह भरोसा कैसे बनाएं?

### नेकां ने बना दिया था जहन्नुम : अल्ताफ

भाजपा के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ही वह पार्टी थी, जिसने जम्मू-कश्मीर को 1987 से 2019 तक जहन्नुम बनाकर रखा था। अल्ताफ ठाकुर की यह प्रतिक्रिया नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक के दिल्ली में पार्लियामेंट के बाहर दिए गए बयान के बाद आई है। भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, डॉ. फारूक को ऑन रिकॉर्ड यह कहते हुए देखकर आश्चर्य नहीं हुआ कि जहन्नुम में जाए जम्मू-कश्मीर। हकीकत में देखें तो यह नेकां ही थी, जिसने 1987 से 2019 तक जम्मू-कश्मीर को जहन्नुम बना दिया था। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को नरक से बाहर निकाला और फिर से स्वर्ग बनाया। फारूक के दिल की बात उनकी जुबां पर आ गई।

# गन्ना भुगतान जल्द नहीं हुआ तो घेरेंगे विधान भवन : दुबे

» रालोद पूरे प्रदेश में करेगी भाजपा को बेनकाब

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



गोंडा। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने जनपद का दौरा किया। उन्होंने सिंचाई विभाग डाक बंगले में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक। इससे पहले उन्होंने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बैठक के बाद पत्रकारों से भी अनिल दूबे ने बातचीत की। अनिल दुबे ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा साधा।

उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ बाते कर रही है। उन्होंने सरकार से 23 दिसंबर तक गन्ने का मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 23 तक दाम नहीं बढ़े तो रालोद किसान पंचायत करेगी। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को रालोद विधानसभा का घेराव और प्रदर्शन करेंगे। श्री दुबे ने कहा कि किसानों के साथ प्रदेश में हो अन्याय रहा। दुबे ने कहा कि इतने सालों के बाद भी न गन्ने का रेट बढ़ा और ना बकाया भुगतान ही हुआ। भाजपा ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। रालोद प्रदेश में भाजपा को बेनकाब करेगी। भाजपा ने युवाओं को कोई रोजगार नहीं दिया। अग्निवीरों की भर्ती कर सेना का अपमान किया। उन्होंने 2024 में इंडिया गठबंधन देश में बदलाव करेगा। उन्होंने कहा कि रालोद इंडिया गठबंधन की मजबूती पर काम कर रहा। रालोद नेकहा भाजपा पूंजीपतियों की हितैषी है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रमा की सतह से चट्टानी पत्थर लाएंगे : सोमनाथ



नई दिल्ली। सोमनाथ ने यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में राष्ट्रपति भवन विमर्श श्रृंखला पर अपने व्याख्यान में चंद्रमा से चट्टानी पत्थर लाने के मिशन का विवरण साझा किया। सोमनाथ ने कहा, चंद्रमा को लेकर हमारी दिलचस्पी अभी खत्म नहीं हुई है। मैं राष्ट्रपति जी को आश्वासन देता हूं कि हम चंद्रमा से कुछ चट्टानी पत्थर लाएंगे। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से उत्साहित इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा में दिलचस्पी अभी खत्म नहीं हुई है और अंतरिक्ष एजेंसी अब उसकी सतह से कुछ चट्टानी पत्थर लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही। सोमनाथ ने कहा कि नमूने लाने का मिशन बहुत जटिल है और सब कुछ स्वायत्त रूप से किया जाना है। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, इसलिए हम फिलहाल इस तरह के मिशन पर काम कर रहे हैं और हम इसे अगले चार साल मेंपूरा करना चाहेंगे। यही हमारा लक्ष्य है। अपनी लगभग 40 मिनट की बातचीत के दौरान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख ने कहा कि फ्एक भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने का मिशन जारी है।

### ललित झा गिरफ्तार, 4 पर आतंकवाद का आरोप



नई दिल्ली। संसद सुरक्षा उल्लंघन घटना के मुख्य आरोपी ललित मोहन झा, जो कथित तौर पर लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन के पीछे के मास्टरमाइंड हैं, को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ललित एक अन्य व्यक्ति के साथ कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन पहुंचा, जहां उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया गया। बड़े सुरक्षा उल्लंघन के लिए चार व्यक्तियों पर कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद का आरोप लगाया गया है, इस दौरान उनमें से दो - सागर शर्मा और मनोरंजन डी - लोकसभा कक्ष में कूद गए और धुआं उड़ा दिया। जबकि अन्य दो - नीलम देवी और अनमोल शिंदे - ने बाहर विरोध किया। कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण करने के बाद गुरुवार रात गिरफ्तार किए गए ललित मोहन झा को बुधवार को संसद हमले की बरसी पर लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन का मास्टरमाइंड माना जाता है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जारी है। पुलिस ने पाया कि झा ने कथित तौर पर व्हाट्सएप पर अपने सहयोगी के साथ हमले का एक वीडियो साझा किया था।

# उत्तर भारत में बढ़ने लगी ठंड, कई इलाकों में कोहरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली से लेकर उत्तर भारत में सर्दी का आगाज हो चुका है। सर्द मौसम के मिजाज ने हर जगह लोगों को कंपकंपी दिला दी है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही उत्तर के कई इलाकों में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। कई पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में ठंड के साथ प्रदूषण ने भी समस्या बरकरार रखी है। मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब के कई इलाकों में घना कोहरा देखने को मिल रहा है।

वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय और त्रिपुरा के अलग अलग इलाकों में हल्का कोहरा देखने को मिला। वहीं दिल्ली एनसीआर में ठंड दस्तक दे चुकी है। कई इलाकों में धुंध की चादर दिखनी शुरू हो गई है। शुक्रवार की सुबह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर थोड़ा कम हुआ है। दिल्ली के सफदरजंग इलाके में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जो दिल्ली में इस सीजन का सबसे कम है।

# आजाद अधिकार सेना की चेतावनी के बाद हरकत में जेल मुख्यालय

» जेल में हत्या मामला : डीजी जेल ने डीआईजी अयोध्या से मांगी आख्या

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। 22 जून 2023 को जिला जेल सुल्तानपुर में विचाराधीन कैदी करिया उर्फ विजय पासी और मनोज रैदास की संदिग्ध मौत के संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं होने पर जेल मुख्यालय लखनऊ के सामने विरोध प्रदर्शन की आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की चेतावनी के बाद जेल मुख्यालय सक्रिय हो गया है।

डीआईजी मुख्यालय, कारागार एक सिंह द्वारा डीसीपी पूर्वी, लखनऊ तथा अमिताभ ठाकुर को प्रेषित पत्र में बताया गया है कि सीजेएम सुल्तानपुर की न्यायिक जांच में पाए गए प्रतिकूल तथ्यों पर क्षेत्रीय उपमहानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या से आख्या प्राप्त की जा रही है और आख्या प्राप्त होने पर दोषी पाए गए कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार यथोचित कार्रवाई की जाएगी। पत्र में अमिताभ ठाकुर के अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत जेल मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है। इस पत्र की प्राप्ति पर अमिताभ ठाकुर ने अपर मुख्य सचिव कारागार और डीजी, जेल को पत्र लिखकर अपने अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन के पूर्व इस प्रक्रिया के लिए 7 दिनों का समय दिया है।

# संसद की घटना बेरोजगारी व निराशा का संदेश : राउत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले युवा बेरोजगारी और महंगाई को लेकर देश में व्याप्त निराशा को व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग आतंकवादी नहीं थे।**

विपक्ष के कुछ सांसदों ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध ने देश में बेरोजगारी के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर दिया है और सुरक्षा में खामियों को भी उजागर कर दिया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्ष से कह रहे थे कि विधानसभा चुनाव में हार का गुस्सा संसद सत्र के दौरान बाहर न आने दें। अब, लोग खुद अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए सदन में आ रहे हैं।

# सूर्या व कुलदीप ने दिया दक्षिण अफ्रीका को झटका

» भारत ने तीसरे टी-20 में 106 रन से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क







दक्षिण अफ्रीका। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में 106 रन से हराकर सीरीज को 1-1 से बराबर किया। भारतीय गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। बर्थडे बॉय के पांच विकेट के कारण दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को सिर्फ 17 रन देकर 95 रन पर पवेलियन लौट गई। ऐसे में कुलदीप ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए।

बर्थडे बॉय के पांच विकेट के कारण दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को सिर्फ 17 रन देकर 95 रन पर पवेलियन लौट गई। ऐसे में कुलदीप ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। भुवनेश्वर कुमार के बाद कुलदीप यादव टी20 में एक से ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अफगानिस्तान के खिलाफ 2022 में दुबई में 4 रन देकर पांच विकेट चटकाए। कुलदीप यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में जोहान्सबर्ग में 17 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। भुवनेश्वर कुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहान्सबर्ग में ही 2018 में 24 रन देकर पांच विकेट लिए। कुलदीप यादव मे इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में ही मैनचेस्टर में 24 रन देकर पांच विकेट लिए। कुलदीप यादव अपने बर्थडे पर पांच विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले सभी गेंदबाजों ने 4 विकेट चटकाए हैं। हालांकि कुलदीप से पहले भारत की ओर से युवराज सिंह ने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ 3 विकेट और रवींद्र जडेजा ने अपने जन्मदिन पर वेस्टइंडीज के खिलाफ एक विकेट चटकाया है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बनाया महारिकॉर्ड

भारतीय महिला टीम टेस्ट पारी में एक दिन में 400 से ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने सात विकेट के नुकसान पर 410 रन बनाए और दीप्ति शर्मा और पुजा वस्त्राकर नाबाद लौटी हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत बना इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच के दौरान भारतीय महिला टीम टेस्ट पारी में एक दिन में 400 से ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है।



# महिला जज की इच्छामृत्यु की मांग पर मचा बवाल

## चिट्ठी वायरल जिला जज पर लगाया यौन प्रताड़ना का आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की महिला जज की इच्छामृत्यु वाली वायरल चिट्ठी के बाद से न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल उठ रहा है। इस वायरल चिट्ठी पर सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों के मुताबिक, देर रात सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट सेक्रेट्री जनरल अतुल एम कुरहेकर को इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रशासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगने का आदेश दिया।

सेक्रेट्री जनरल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखकर महिला जज द्वारा दी गई सारी शिकायतों की जानकारी मांगी। इसके साथ ही शिकायत से निपटने वाली आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष कार्यवाही की स्थिति के बारे में भी पूछा। ये कदम सोशल मीडिया पर चिट्ठी वायरल होने के बाद उठाया गया। वायरल हो रही चिट्ठी के मुताबिक यूपी की एक महिला जज ने यौन प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए

### सीजेआई चंद्रचूड़ सख्त, इलाहाबाद हाईकोर्ट से मांगी स्टेटस रिपोर्ट



### अदालत में दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा

महिला जज ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि वो बेहद उत्साह से जज की परीक्षा देकर न्यायिक सेवा में आई थी, लेकिन उसे भरी अदालत में दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। चिट्ठी लिखकर महिला जज ने कामकाजी महिलाओं से कहा कि वह भी यौन उत्पीड़न के साथ जीना सीख लें,बेहद कड़ी भाषा में महिला जज ने लिखा कि वह जज होने के बावजूद अपने आप को न्याय नहीं दिला पा रही है।

इच्छामृत्यु की मांग की है, बांदा जिले में तैनात एक महिला जज की वायरल हो रही एक चिट्ठी में दावा किया कि एक पोस्टिंग के दौरान जिला जज और उनके करीबियों ने उनके साथ मानसिक और शरीरिक शोषण किया।

दावा ये भी है कि जिला जज ने उसे रात में मिलने का दबाव बनाया। बांदा में तैनात महिला जज ने अपनी चिट्ठी में कहा कि उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश समेत अन्य सम्बंधित अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की लेकिन किसी ने भी उससे एक बार ये नहीं पूछा कि आखिर हुआ क्या है। महिला जज ने अपनी शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से निराशा जाहिर करते हुए चिट्ठी लिखकर इच्छामृत्यु की मांग की।

# महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले पर कर्नाटक हाईकोर्ट सख्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेलगावी जिले के एक गांव में एक महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट और उसे निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। कर्नाटक हाईकोर्ट ने इसे असाधारण मामला करार देते हुए कहा, इसके साथ हमारे हाथों असाधारण व्यवहार किया जाएगा। बता दें कि यह घटना 11 दिसंबर की सुबह उस महिला के पुत्र के एक लड़की के साथ भाग जाने के बाद हुई।

पुलिस ने बताया कि लड़की की सगाई किसी और से होने वाली थी। इसके बारे में पता चलने पर लड़की के परिवार वालों ने न्यू वंटामुरी गांव स्थित लड़के के घर पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दियाह इसके साथ ही लड़के की मां के के साथ कथित तौर पर मारपीट की और उसे घसीट कर ले गए, उसे निर्वस्त्र कर घुमाया और बिजली के खंभे से बांध दिया। इस मामले को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट की एक बेंच ने बेलगावी के पुलिस आयुक्त को भी तलब किया है। इसके तहत सहायक पुलिस आयुक्त को 18 दिसंबर को अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होना होगा। एडवोकेट जनरल ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना की खंडपीठ बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित के समक्ष घटना पर की गई कार्रवाई के बारे में एक ज्ञापन और कुछ दस्तावेज सौंपे हैं।

फोटो:4 पीएम





**सड़क सुरक्षा पखवाड़ा** राजधानी लखनऊ के 1090 चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा। रैली का शुभारंभ संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने लिया हिस्सा।

# सीएम योगी की तानाशाही से रद्द हुई नीतीश कुमार की वाराणसी रैली: जदयू

## » भाजपा का दावा: कलेक्टर और एसपी को नहीं थी कोई जानकारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उत्तर प्रदेश के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में 24 दिसंबर की सार्वजनिक रैली रद्द कर दी गई। इसके साथ ही उनकी ओर से दावा किया गया कि स्थानीय अधिकारियों ने बैठक के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। इसी को लेकर अब सुशील मोदी की ओर से पलटवार किया गया है।

भाजपा नेता ने कहा कि सच तो यह है



कि उन्होंने रैली की अनुमति लेने के लिए लिखित आवेदन भी नहीं दिया। जेडीयू के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि यूपी में योगी आदित्यनाथ की तानाशाही है। हमें वाराणसी में अपनी पार्टी सुप्रीमो की सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की अनुमति न देना सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

हम इसे नहीं छोड़ेंगे, हम जल्द ही सार्वजनिक बैठक की अगली तारीख की घोषणा करेंगे। जेडीयू जल्द ही बीजेपी को बेनकाब करने के लिए यूपी में एक जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। हम लोकसभा चुनाव के लिए ठोस रणनीति तैयार कर रहे हैं। रोहनिया की जनसभा में पूर्वांचल क्षेत्र के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल होना था। रोहनिया वाराणसी का पटेल बहुल विधानसभा क्षेत्र है। इसके अलावा वाराणसी अपना दल और बीजेपी का गढ़ होने के कारण उन्हें इस रैली में ज्यादा समर्थन की उम्मीद नहीं थी। सुशील मोदी ने साफ तौर पर कहा कि रैली के बारे में न तो कलेक्टर और न ही एसपी को कोई जानकारी थी। उन्होंने अपनी रैली स्थगित कर दी और अब वे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर आरोप लगा रहे हैं।

# शर्मनाक: नशीला पदार्थ देकर युवती से दुष्कर्म

## » मुरादाबाद की है घटना अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, रिश्तेदार ही निकला हैवान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुरादाबाद। मुरादाबाद में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती को एक रिश्तेदार ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने मोबाइल से युवती की अश्लील वीडियो बना ली। युवती के विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी मौसा और आरोपी उसके चचेरे भाई समेत 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पुलिस को बताया था कि जनपद अमरोहा के रेहरा थाना क्षेत्र में उनका साढ़ू रहता है। 2018 में साढ़ू उनकी बेटी को अपने साथ अपने घर ले गया था। बेहोशी का फायदा उठाकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बना ली। होश में आने पर युवती को एहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। तब आरोपी ने शादी कराने की बात कहकर चुप करा दिया। इसके



### शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया

इसी दौरान साढ़ू के चचेरे भाई ने शादी का झांसा देकर युवती को प्रेम जल में फंसा लिया। आरोप है कि मौसा ने युवती से छेड़खानी की और युवक ने कुछ लोगों की मदद से उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पीला दिया। इससे युवती बेहोश हो गई।

बाद युवती अपने घर आ गई। 10 अप्रैल को 2023 को युवक यहां उसके गांव आ गया। उसने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म कर दिया। इसके बाद युवती गुमसुम रहने लगी।मां के पूछने पर युवती ने उसको अपनी आपबीती सुनाई। युवती की मां आरोपी युवक के घर अमरोहा गई। उसने युवक के परिजनों से शादी करने की बात रखी लेकिन उन्होंने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इस मामले में आरोपी युवक, उसके मौसा समेत नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

फोटो:4 पीएम



**पुष्पांजलि** हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वितीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।